दिनांक–05.06.2021 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना की अध्यक्षता में हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों एवं जिला के बन्दोबस्त पदाधिकारियों के साथ **Zoom** के माध्यम से हुई समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।

## 1. हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, IL&FS

बैठक में सर्वप्रथम हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, IL&FS को आवंटित जिले नालंदा, शेखपुरा एवं मुंगेर की समीक्षा की गई जिलों से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर अद्यतन स्थिति निम्नवत् पाई गईः–

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | वर्त्तमान में एजेंसी का कार्यालय कार्यरत है या नहीं | जिला में उपलब्ध ई0टी0एस0 एवं कर्मी की संख्या | | ग्राम–सीमा सत्यापित पूर्ण राजस्व ग्रामों के मानचित्रों की संख्या | | किस्तवार पूर्ण राजस्व ग्रामों का मानचित्रों की संख्या | | खानापुरी पूर्ण राजस्व ग्रामों के मानचित्रों की संख्या | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | हाँ / नहीं | ई0टी0एस0 की संख्या | कर्मी की संख्या | एजेंसी को समर्पित | एजेंसी से प्राप्त | एजेंसी को समर्पित | एजेंसी से प्राप्त | एजेंसी को समर्पित | एजेंसी से प्राप्त | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | नालंदा | हाँ | 8 | 16 | 95 | 62 | 1 | 1 | 0 | 0 | |
| 2 | शेखपुरा | नहीं | 6 | 12 | 109 | 101 | 41 | 36 | 1 | 1 | |
| 3 | मुंगेर | हाँ | 7 | 15 | 120 | 58 | 0 | 0 | 0 | 0 | |

निदेशित किया गया कि हवाई सर्वेक्षण एजेंसी को प्रत्येक प्रक्रम के लिए समर्पित मानचित्रों का तिथिवार विवरण संधारित किया जाए एवं निदेशालय स्तर पर दिए जाने वाले प्रतिवेदन में स्पष्ट रूप अंकित किया जाए कि किस प्रक्रम में किस तिथि को एजेंसी को मानचित्र समर्पित किया गया और एजेंसी द्वारा किस तिथि को मानचित्र वापस किया गया।

IL&FS के राज्य प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि सभी आवंटित जिलों में कोविड–19 के कारण हुए राज्यव्यापी लॉकडाउन के कारण विगत् एक माह से कार्य बाधित था। दिनांक–07.06.2021 से सभी आवंटित जिलों में कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। यह भी आश्वस्त किया गया कि आगामी सप्ताह में नालंदा, बन्दोबस्त कार्यालय में 11 राजस्व ग्रामों के मानचित्र को समर्पित कर दिया जाएगा। बन्दोबस्त पदाधिकारी, नालंदा को निदेशित किया गया कि वैसे ग्राम जिनकी ग्राम–सीमा सत्यापन एवं किस्तवार का कार्य पूर्ण हो चुका है, उनके मानचित्र एजेंसी को यथाशीघ्र समर्पित किए जाएँ और प्रत्येक सप्ताह में शिविरवार एजेंसी को समर्पित किए जाने वाले मानचित्र का लक्ष्य निर्धारित किया जाए।

शेखपुरा के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि माह–मई के प्रारंभ से अब तक एजेंसी का जिला स्तरीय कार्यालय बन्द है, एवं जिले में वर्त्तमान समय में सिर्फ 3 ETS कार्यरत हैं। एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि शेखपुरा में दिनांक–07.06.2021 से एजेंसी का कार्यालय कार्यरत हो जाएगा तथा अतिरिक्त ETS और कर्मी भी उपलब्ध करा दिए जाऐंगे।

निदेशित किया गया कि ग्राम–सीमा सत्यापन पूर्ण मानचित्रों के लिए जिले के शेष 205 राजस्व ग्रामों में से 100 राजस्व ग्रामों तथा किस्तवार पूर्ण राजस्व ग्रामों में से 60 राजस्व ग्रामों के मानचित्र जून माह में एजेंसी को उपलब्ध करा दिए जाएँ। साथ ही वैसे 35 राजस्व ग्राम जिनका किस्तवार पूर्ण होकर एजेंसी से मानचित्र वापस प्राप्त हो चुका है, उनकी खानापुरी जून माह में पूर्ण कर ली जाए। एजेंसी को निदेशित किया गया कि शिविरों से प्राप्त होने वाले मानचित्रों को यथाशीघ्र

अपडेट करके वापस किया जाए और जिन ग्रामों का खानापुरी पूर्ण हो जाता है, उनके मानचित्र अविलंब भू–नक्शा सॉफ्टवेयर में अपलोड कर दिया जाए।

बन्दोबस्त पदाधिकारी, मुंगेर द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि एजेंसी द्वारा अब तक कुल 120 में से मात्र 58 मानचित्र वापस किए गए हैं। जून माह में जिले के सभी राजस्व ग्रामों का ग्राम–सीमा सत्यापन पूर्ण मानचित्र अपडेट करने के लिए एजेंसी को उपलब्ध करा दिया जाए। यह भी प्रतिवेदित किया गया कि जिला बन्दोबस्त कार्यालय द्वारा विशेष सर्वेक्षण कार्यों के प्रक्रमवार कार्यों को पूरा करने के लिए तिथिवार विस्तृत कार्य–योजना तैयार की गई है, जिसके तहत् 16 अगस्त तक जिले के 50 प्रतिशत राजस्व ग्रामों में किस्तवार एवं खानापुरी का कार्य पूर्ण कर 6 सितंबर तक उनके प्रपत्र–6 को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

निदेशित किया गया कि मुंगेर जिला अंतर्गत किन्हीं पाँच राजस्व ग्रामों का चयन कर उनमें प्राथमिकता के आधार पर विशेष सर्वेक्षण का कार्य किया जाए ताकि इन राजस्व ग्रामों में किए गए कार्य के आधार पर फीडबैक प्राप्त कर विभिन्न प्रक्रमों में आनेवाली समस्याओं का निराकरण अन्य राजस्व ग्रंामों में सुविधाजनक तरीके किया जा सके।

बैठक में सम्मिलित अन्य सभी जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों से अनुरोध किया गया कि जिस तरह मुंगेर जिला द्वारा विस्तृत कार्य–योजना तैयार की गई है, उसी तरह प्रत्येक जिले में तिथिवार/लक्ष्यवार कार्य–योजना तैयार की जाए और विशेष सर्वेक्षण कार्य को मिशन के स्वरूप में करते हुए कार्य को पूर्ण किया जाए।

## 2. हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, IIC

हवाई सर्वेक्षण एजेंसी को आवंटित 11 जिलों, बेगूसराय, लखीसराय, खगड़िया, पूर्णियाँ, कटिहार, किशनगंज, अररिया, जहानाबाद, अरवल, सीतामढ़ी एवं शिवहर की समीक्षा उपरांत जिलों से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर अद्यतन स्थिति निम्नवत् पाई गईः–

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | वर्त्तमान में एजेंसी का कार्यालय कार्यरत है या नहीं | जिला में उपलब्ध ई0टी0एस0 एवं कर्मी की संख्या | | ग्राम–सीमा सत्यापित पूर्ण राजस्व ग्रामों के मानचित्रों की संख्या | | किस्तवार पूर्ण राजस्व ग्रामों का मानचित्रों की संख्या | | खानापुरी पूर्ण राजस्व ग्रामों के मानचित्रों की संख्या | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | हाँ/नहीं | ई0टी0 एस0की संख्या | कर्मी की संख्या | एजेंसी को समर्पित | एजेंसी से प्राप्त | एजेंसी को समर्पित | एजेंसी से प्राप्त | एजेंसी को समर्पित | एजेंसी से प्राप्त | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | बेगूसराय | हाँ | 1 | 2 | 112 | 75 | 15 | 0 | 15 | 0 | |
| 2 | लखीसराय | हाँ | 1 | 2 | 7 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 3 | खगड़िया | नहीं | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 4 | जहानाबाद | नहीं | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 5 | अरवल | नहीं | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 6 | सीतामढ़ी | नहीं | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 7 | शिवहर | नहीं | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 8 | पूर्णियाँ | नहीं | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 9 | कटिहार | नहीं | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 10 | किशनगंज | नहीं | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 11 | अररिया | नहीं | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |

हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, IIC के सम्बन्धित जिलों से प्राप्त प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि मात्र बेगूसराय एवं लखीसराय में एजेंसी का कार्यालय कार्यरत है, जबकि खगड़िया में एजेंसी का कार्यालय बन्द है एवं शेष 08 जिलों अररिया, पूर्णियाँ, कटिहार, किशनगंज, सीतामढ़ी, शिवहर, जहानाबाद तथा अरवल में कार्यालय की स्थापना नहीं की गई है।

बन्दोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि एजेंसी द्वारा जिले में मात्र एक ETS उपलब्ध कराया गया है एवं अपडेटेड मानचित्रों की आपूर्ति भी ससमय नहीं की जा रही है। पृच्छा की गई कि माह जून में बेगूसराय जिले में ग्राम–सीमा सत्यापन पूर्ण कितने ग्रामों में किस्तवार और किस्तवार पूर्ण ग्राामों में कितने ग्रामों में खानापुरी का लक्ष्य पूरा किया जाना है, इसका निर्धारण जिला स्तर पर करते हुए शिविरों को ससमय लक्ष्य पूरा करने का निदेश दिया जाए।

बन्दोबस्त पदाधिकारी, लखीसराय द्वारा बताया गया कि हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के असहयोगात्मक रवैये के कारण जिले की प्रगति बाधित हो रही है। एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराए गए ETS की सहायता से अब तक मात्र 8 ग्रामों में ग्राम–सीमा सत्यापन का कार्य पूरा किया सका है।

हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, IIC को आवंटित शेष नौ जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि उनके जिले में अब तक हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा किसी तरह का कार्य नहीं किए जाने के कारण विशेष सर्वेक्षण कार्य बाधित हो रहा है। पूर्णियाँ के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि समाहरणालय स्थिति बन्दोबस्त कार्यालय में चोरी होने के कारण समस्या उत्पन्न हो गई है और आकस्मिकता निधि में आवंटन की आवश्यकता है। चोरी के सम्बन्ध में प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बावजूद जिला स्तर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। कटिहार के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा कार्यालय में लिपिकों की पदस्थापना का अनुरोध किया गया कि अरवल के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 14 ग्रामों का खतियान अनुपलब्ध है।

हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, IIC के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि आगामी सप्ताह से लखीसराय एवं बेगूसराय में अतिरिक्त ETS उपलब्ध करा दिए जाऐंगे एवं एजेंसी को आवंटित सभी जिलों में कार्यालय स्थापित कर दिया जाएगा।

हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, IIC को आवंटित सभी जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि जिन जिलों में एजेंसी का कार्यालय अब तक स्थापित नहीं हुआ है, वहाँ किस्तवार पूर्व किए जाने वाले सारे कार्य यथा प्रपत्र–1, 2, 3, 4, 5 से तथा डाटा इंट्री से सम्बन्धित कार्यो को एक सप्ताह में शतप्रतिशत पूरा कर लिया जाए। एजेंसी के साथ समन्वय स्थापित कर 10 जून से तिथिवार विस्तृत कार्य–योजना तैयार कर ली जाए। बेगूसराय एवं लखीसराय द्वारा ETS की उपलब्धता के आधार पर शिविरवार कार्य–योजना तैयार कर ग्राम–सीमा सत्यापन तथा किस्तवार का कार्य पूर्ण किया जाए। एजेंसी के प्रतिनिधि को निदेशित किया गया कि जूम के माध्यम से होनेवाली आगामी समीक्षात्मक बैठक से एजेंसी के शीर्ष पदाधिकारियों को भी भाग लेने की सूचना दे दी जाए। सहायक निदेशक को निदेशित किया गया कि जिलों में लिपिकीय एवं अन्य कर्मियों की पदस्थापना के सम्बन्ध में यथाशीघ्र प्रस्ताव तैयार कर उपस्थापित किया जाए।

## 3. हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, GISC

हवाई सर्वेक्षण एजेंसी को आवंटित 6 जिलों सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, पश्चिम चम्पारण, बांका और जमुई की समीक्षा उपरांत जिलों से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर अद्यतन स्थिति निम्नवत् पाई गई:–

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | वर्त्तमान में एजेंसी का कार्यालय कार्यरत है या नहीं | जिला में उपलब्ध ई0टी0एस0 एवं कर्मी की संख्या | | ग्राम–सीमा सत्यापित पूर्ण राजस्व ग्रामों के मानचित्रों की संख्या | | किस्तवार पूर्ण राजस्व ग्रामों का मानचित्रों की संख्या | | खानापुरी पूर्ण राजस्व ग्रामों के मानचित्रों की संख्या | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | हाँ / नहीं | ई0टी0 एस0 की संख्या | कर्मी की संख्या | एजेंसी को समर्पित | एजेंसी से प्राप्त | एजेंसी को समर्पित | एजेंसी से प्राप्त | एजेंसी को समर्पित | एजेंसी से प्राप्त | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | सुपौल | हाँ | 3 | 7 | 42 | 39 | 39 | 39 | 16 | 07 | |
| 2 | सहरसा | हाँ | 3 | 6 | 130 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 3 | मधेपुरा | हाँ | 3 | 6 | 58 | 22 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 4 | प0 चम्पारण | नहीं | 4 | 4 | 76 | 11 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 5 | बांका | हाँ | 3 | 3 | 9 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 6 | जमुई | हाँ | 3 | 6 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | |

जिलों से प्राप्त प्रतिवेदन की समीक्षा से स्पष्ट है कि एजेंसी द्वारा सभी आवंटित जिलों में पश्चिम चम्पारण को छोड़कर शेष सभी जिलों में कार्यालय कार्यरत हैं। बन्दोबस्त पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण द्वारा बताया गया कि एजेंसी को दिए गए मानचित्रों में केवल 11 राजस्व ग्रामों के अपडेटेड मानचित्र एजेंसी से प्राप्त हुए हैं। जिला बन्दोबस्त कार्यालय द्वारा ग्राम–सीमा सत्यापन पूर्ण राजस्व ग्रामों का मानचित्र एजेंसी के कर्मी द्वारा प्राप्त नहीं किए जाने के कारण कार्य बाधित हो रहा है। बांका के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि एजेंसी के कर्मियों के नियमित नहीं रहने के कारण अब तक मात्र 09 गांव का ही ग्राम–सीमा सत्यापन किया जा सकता है एवं मार्च, 2021 तक एजेंसी का कोई प्रतिनिधि या ETS जिले में नही था। जमुई जिला द्वारा बताया गया कि अगस्त, 2020 से अप्रैल, 2021 तक जिले में हवाई सर्वेक्षण एजेंसी अनुपस्थित थी। एजेंसी द्वारा ETS एवं कर्मी उपलब्ध नहीं कराने के कारण ग्राम–सीमा सत्यापन के कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रही है। मधेपुरा के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के आबादी वाले क्षेत्रों के मानचित्र में अलामत प्रदर्शित नहीं करने के कारण सर्वेक्षण के कार्य में असुविधा हो रही हैं। एजेंसी द्वारा समर्पित किए गए मानचित्रों में एक ग्राम का मानचित्र त्रुटिपूर्ण है। यह भी अनुरोध किया गया कि विशेष सर्वेक्षण मानचित्र में विगत् सर्वे के मानचित्र को ओवरलैप करके प्रदर्शित किए जाने से सर्वेक्षण में सुविधा होगी। यह भी प्रस्ताव दिया गया कि मधेपुरा जिले में कुमारखण्ड अंचल के तीन शिविरों के अंतर्गत अधिकांश भू–भाग बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है, ऐसी स्थिति में कुमारखण्ड में पदस्थापित कर्मियों को ग्वालपाड़ा अंचल में पदस्थापित कर विशेष सर्वेक्षण के लिए शिविर की स्थापना की जा सकती है, साथ ही बन्दोबस्त कार्यालय एजेंसी के बारे में प्रतिवेदित किया गया कि मधेपुरा में एजेंसी के कर्मियों द्वारा एजेंसी के भुगतान नहीं किए जाने के कारण कार्य बंद कर दिया गया है।

हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि दिनांक–07.06.2021 से सभी आवंटित जिलों में कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा एवं जिन जिलों में अपडेटेड मानचित्रों की आपूर्ति लंबित है, उन्हें यथाशीघ्र अपडेट कर जिलों को उपलब्ध करा दिया जाएगा।

सर्वप्रथम पश्चिम चम्पारण को निदेशित किया गया कि दिनांक–07.06.2021 से एजेंसी द्वारा मानचित्रों को प्राप्त करने एवं अपडेट करके वापस करने की समीक्षा दैनिक आधार पर की जाए और वस्तुस्थिति से निदेशालय को अवगत कराया जाए। मधेपुरा के संदर्भ में एजेंसी द्वारा बताया गया कि आबादी वाले क्षेत्रों में अलामत संधारित करने का कार्य एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। विगत् मानचित्रों को ओवरलैप करके विशेष सर्वेक्षण मानचित्र में प्रदर्शित करने के बारे में बताया गया कि इसके लिए आवश्यकतानुसार एजेंसी के कार्यालय में सॉफ्ट प्रति का अवलोकन किया जा सकता है। निदेशालय स्तर से भी स्पष्ट किया गया कि नए विशेष सर्वेक्षण मानचित्रों में विगत् सर्वेक्षण के मानचित्र को ओवरलैप करके प्रदर्शित करना तर्कसंगत नहीं है। नए अंचलों में विशेष सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ करने के सम्बन्ध में जिला स्तर से प्रस्ताव तैयार कर निदेशालय को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि जिला स्तर से यदि किसी कर्मी को एक शिविर से दूसरे शिविर या जिला में स्थानांतरित किया जाता है तो इसके प्रयोजनार्थ तैयार किए गए R to R सॉफ्टवेयर में अविलंब इसकी प्रविष्टि कर दी जाए। यह भी निदेशित किया गया कि जूम के माध्यम से होनेवाली आगामी समीक्षात्मक बैठक में सभी हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के शीर्ष पदाधिकारियों को भी शामिल किया जाए एवं जिला स्तर पर कार्य–योजना तैयार कर लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्यों की सतत् अनुश्रवण किया जाए।

अन्त में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

(जय सिंह)
निदेशक 8/6/21
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:01 / भू0अ0नि0(3) विविध–सर्वे0 एवं प्रशि0 बैठकों (कार्य0)08 / 2021 1580 **पटना, दिनांक** :–08-06-2021

**प्रतिलिपिः**– बंदोबस्त पदाधिकारी, खगड़िया, मधेपुरा, मुंगेर, लखीसराय, बेगूसराय, अररिया, बांका, कटिहार, किशनगंज, पूर्णियाँ, सुपौल, जमुई, शेखपुरा, अरवल, सहरसा, नालंदा, पश्चिम चम्पारण, जहानाबाद, सीतामढ़ी एवं शिवहर को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:01 / भू0अ0नि0(3) विविध–सर्वे0 एवं प्रशि0 बैठकों (कार्य0)08 / 2021 1580 **पटना, दिनांक** :–08-06-2021

**प्रतिलिपिः**– निदेशालय के स्तर से जिलों के लिए प्राधिकृत सभी नोडल पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:01 / भू0अ0नि0(3) विविध–सर्वे0 एवं प्रशि0 बैठकों (कार्य0)08 / 2021..1580...**पटना, दिनांक** :–08-06-2021

**प्रतिलिपि**:– प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। एजेंसी के भुगतान संबंधित संचिका में उपस्थापित किया जाए।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:01 / भू0अ0नि0(3) विविध–सर्वे0 एवं प्रशि0 बैठकों (कार्य0)08 / 2021..1580...**पटना, दिनांक** :–08-06-2021

**प्रतिलिपि** :– सभी जिलों से संबंधित तीनों हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:01 / भू0अ0नि0(3) विविध–सर्वे0 एवं प्रशि0 बैठकों (कार्य0)08 / 2021..1580...**पटना, दिनांक** :–08-06-2021

**प्रतिलिपि**:– सुश्री सुरभि सिंह, एम0आई0एस0 डाटा एनालिस्ट, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं निदेशालय के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:01 / भू0अ0नि0(3) विविध–सर्वे0 एवं प्रशि0 बैठकों (कार्य0)08 / 2021..1580...**पटना, दिनांक** :–08-06-2021

**प्रतिलिपि** :– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप
8/6/21